



# अण्डमान निकोबार द्वीप समाचार

One India, One Emergency Number 112

रजि.न.34300/80 | संख्या 09 | श्री विजय पुरम, शुकवार , 09 जनवरी 2026 | web: dt.andamannicobar.gov.in | 2.00 रूपए


## आईआईसीडीईएम–2026 की तैयारी में निर्वाचन आयोग द्वारा सीईओ सम्मेलन का आयोजन

## आईआईसीडीईएम–2026 में लगभग 100 अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि होंगे शामिल

## आईआईसीडीईएम में 40 से अधिक द्विपक्षीय बैठकें एवं 36 ब्रेकआउट सत्र निर्धारित

नई दिल्ली, 8 जनवरी।

1. भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने आज नई दिल्ली स्थित आईआईआईडीईएम में मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) का एक सम्मेलन आयोजित किया। यह सम्मेलन 21 से 23 जनवरी, 2026 तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होने वाले भारत अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र एवं निर्वाचन प्रबंधन सम्मेलन (आईआईसीडीईएम)–2026 की तैयारी के क्रम में आयोजित किया गया।

2. भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार के साथ निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू एवं डॉ. विवेक जोशी ने प्रतिभागियों को संबोधित किया तथा उन्हें आईआईसीडीईएम–2026 की विभिन्न बारीकियों एवं उनकी विशिष्ट भूमिकाओं से अवगत कराया।

3. संबोधन के पश्चात सीईओ ने आईआईसीडीईएम–2026 में आयोजित होने वाले 36 विषयगत समूहों पर चर्चा की, जिनका नेतृत्व संबंधित सीईओ द्वारा किया जाएगा। ये विषय निर्वाचन प्रबंधन के सभी पहलुओं को समाहित करते हैं तथा निर्वाचन प्रबंधन निकायों (ईएमबी) के समृद्ध एवं विविध अनुभवों पर आधारित ज्ञान–संग्रह विकसित करने के उद्देश्य से तैयार किए गए हैं।

4. आईआईसीडीईएम–2026 निर्वाचन प्रबंधन एवं लोकतंत्र के क्षेत्र में भारत द्वारा आयोजित अपने प्रकार का सबसे बड़ा वैश्विक सम्मेलन होगा। इसमें विश्वभर के निर्वाचन प्रबंधन निकायों (ईएमबी) का प्रतिनिधित्व करने वाले लगभग 100 अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि भाग लेंगे। इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय संगठनों, भारत में स्थित विदेशी मिशनों तथा निर्वाचन क्षेत्र के अकादमिक एवं व्यवहारिक विशेषज्ञ भी इसमें सम्मिलित होंगे।

5. आईआईसीडीईएम–2026 में उद्घाटन सत्र, ईएमबी नेताओं का पूर्ण सत्र, ईएमबी कार्य समूह बैठकें तथा ईसीआईनेट के शुभारंभ जैसे सामान्य एवं पूर्ण सत्र शामिल होंगे। साथ ही वैश्विक निर्वाचन विषयों, आदर्श अंतरराष्ट्रीय निर्वाचन मानकों, सर्वोत्तम प्रथाओं एवं निर्वाचन प्रक्रियाओं में नवाचारों पर आधारित विषयगत सत्र भी आयोजित किए जाएंगे।

6. इस सम्मेलन में प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों की भी भागीदारी होगी, जिनमें 4 आईआईटी, 6 आईआईएम, 12 राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (एनएलयू) तथा आईआईएमसी शामिल हैं। राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के सीईओ के नेतृत्व में गठित 36 विषयगत समूहों में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय अकादमिक विशेषज्ञ विचार–विमर्श में अपना योगदान देंगे। प्राप्त विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है।

## ग्राम पंचायतों, नगरपालिका परिषद में आकस्मिक रिक्तियों को भरने हेतु उप चुनाव से संबंधित अधिसूचना जारी

श्री विजय पुरम, 8 जनवरी

अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह (केंद्र शासित प्रदेश) के निर्वाचन आयोग द्वारा ग्राम पंचायतों में आकस्मिक रिक्तियों को भरने हेतु उप चुनाव आयोजित किए जाने संबंधी अधिसूचना जारी की गई है। ये आकस्मिक रिक्तियाँ ग्राम पंचायत निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचित सदस्यों के त्यागपत्र/निधन के कारण उत्पन्न हुई हैं।

यह उप चुनाव डिगलीपुर तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत मधुपुर के मधुपुर–6, मायाबंदर तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत हरिनगर के हरिनगर–1, रंगत तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत बकुलतला के बकुलतला–3, फरारगंज तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत मनारघाट के मनारघाट–4 तथा ग्राम पंचायत होप टाउन के बम्बूफ्लाट–1 निर्वाचन क्षेत्र, ज़िला परिषद सदस्य, उत्तर व मध्य अण्डमान, मायाबंदर तथा श्री विजय पुरम नगरपालिका परिषद के वार्ड संख्या–17 के वार्ड पार्षद पदों के लिए आयोजित किए जाएंगे। यह उप चुनाव 8 फरवरी, 2026 को निर्धारित है।

पंचायत एवं नगरपालिका चुनावों के निदेशक द्वारा जारी प्रेस सूचना में सभी राजनीतिक दलों, चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों तथा उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं को सूचित किया गया है कि वे किसी भी प्रकार के कानूनी दुष्परिणामों से बचने के लिए आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) तथा अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह संपत्ति विरूपण निवारण विनियमन, 1987 (1987 का 1) के प्रावधानों का अक्षरशः एवं भावना के अनुरूप कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें।

संपत्ति विरूपण विनियमन अथवा आदर्श आचार संहिता के किसी भी उल्लंघन की सूचना निदेशक, पंचायत एवं नगरपालिका निर्वाचन कार्यालय (उपायुक्त, दक्षिण अण्डमान) को दूरभाष संख्या 03192–238881 पर दी जा सकती है।

## माननीय सांसद द्वारा रंगत के सीएचसी में ब्लड बैंक सुविधा स्थापित करने की मांग

श्री विजय पुरम, 8 जनवरी

अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह के माननीय सांसद श्री बिष्णु पद राय ने माननीय उप राज्यपाल, अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह से मध्य अण्डमान के रंगत स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में ब्लड बैंक/मिनी ब्लड बैंक सुविधा की स्थापना हेतु तत्काल कदम उठाने का आग्रह किया है।

सांसद कार्यालय से प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार रंगत के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के एक महत्वपूर्ण रेफरल स्वास्थ्य केंद्र के रूप में महत्व को रेखांकित करते हुए माननीय सांसद ने कहा कि यह केंद्र बड़ी आबादी को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करता है तथा वर्तमान परिस्थितियों में यहां ब्लड बैंक की स्थापना एक चिकित्सीय आवश्यकता बन गई है।

## राष्ट्रीय युवा महोत्सव–विकसित भारत युवा नेता संवाद–2026 हेतु द्वीपों से 45 युवा प्रतिनिधियों का चयन

### माननीय सांसद ने राष्ट्रीय विकास लक्ष्यों के अनुरूप भावी युवा नेताओं की भूमिका को रेखांकित किया



श्री विजय पुरम, 8 जनवरी

राष्ट्रीय युवा महोत्सवः विकसित भारत युवा नेता संवाद–2026 (एनवाईएफ–वीबीवाईएलडी) भारत सरकार की एक प्रमुख युवा पहल है, जिसका उद्देश्य संस्कृति, नवाचार, नेतृत्व एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के माध्यम से युवाओं को राष्ट्र विकास में सक्रिय भागीदारी हेतु सशक्त बनाना है। माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में क्रियान्वित यह कार्यक्रम युवाओं को विकसित भारत@2047 के दृष्टिकोण के प्रति अपनी प्रतिभा, विचार एवं प्रतिबद्धता व्यक्त करने के लिए राष्ट्रीय मंच प्रदान करता है।

राष्ट्रीय स्तर के इस कार्यक्रम के अंतर्गत अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह से कुल 45 युवा प्रतिनिधि एवं टीम अधिकारी चयनित किए गए हैं। इनमें से 11 युवाओं का चयन 'यंग लीडर्स डायलॉग' ट्रैक के अंतर्गत तथा 3 युवाओं का चयन 'हैक फॉर सोशल कॉज' ट्रैक के अंतर्गत किया गया है, जिन्हें खेल एवं युवा कार्य विभाग, अण्डमान तथा निकोबार प्रशासन द्वारा नामित एवं प्रतिनियुक्त किया गया है।

सांस्कृतिक ट्रैक के अंतर्गत प्रतिनिधिमंडल विभिन्न कलात्मक विधाओं का प्रतिनिधित्व करता है, जिसमें लोकगीत में 13, लोकनृत्य में 13, चित्रकला में 2, कविता लेखन में 1 तथा वक्तृत्व (डिक्लेमेशन) प्रतियोगिता में 1 प्रतिभागी शामिल हैं। यह चयन द्वीपसमूह की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत एवं

शेष पृष्ठ 4 पर

## द्वीपों में सतत मात्स्यिकी पर क्षमता विकास कार्यक्रम आरम्भ हुआ



श्री विजय पुरम, 8 जनवरी

भारतीय प्राणी सर्वेक्षण (जेडएसआई), श्री विजय पुरम तथा मत्स्य विभाग, अण्डमान तथा निकोबार प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से "सतत मात्स्यिकी पद्धतियां: अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह में संरक्षण एवं आजीविका के बीच संतुलन" विषय पर आयोजित क्षमता विकास कार्यक्रम श्रृंखला का शुभारंभ कल मरीन हिल स्थित मत्स्य प्रशिक्षण केंद्र में किया गया। यह कार्यक्रम अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह के मत्स्य क्षेत्र से जुड़े विभिन्न हितधारकों के लिए आयोजित किया जा रहा है।

सतत मत्स्य विकास के विभिन्न पहलुओं पर आधारित यह जागरूकता कार्यक्रम श्रृंखला 7 से 24 जनवरी तक अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह के विभिन्न मछली उतार केंद्रों (एफएलसी) में आयोजित की जाएगी। इसमें मत्स्य विभाग, भारतीय मत्स्य सर्वेक्षण तथा भारतीय प्राणी सर्वेक्षण के संसाधन व्यक्ति सत्रों का संचालन करेंगे, जिनका मुख्य फोकस मछुआरा समुदाय, सामान्य जन एवं महाविद्यालयीन छात्रों पर रहेगा। कार्यक्रम में श्रीमती जगताप कल्याणी राजेंद्र, निदेशक (मत्स्य) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। अपने संबोधन में उन्होंने मत्स्य संसाधनों के प्रबंधन हेतु सामुदायिक कोटा, समुद्री संरक्षित क्षेत्र, ईको–लेबलिंग तथा उत्तरदायी मात्स्यिकी आचार संहिता (सीसीआरएफ) जैसे

शेष पृष्ठ 4 पर

## शिक्षा एवं खेल निदेशक ने कार निकोबार के सवाई में नए स्पोर्ट्स हब का उद्घाटन किया



कार निकोबार, 8 जनवरी

शिक्षा/खेल निदेशक श्री विक्रम सिंह ने आज सवाई गांव में एक नए स्पोर्ट्स हब का उद्घाटन किया, जिससे खेलों के माध्यम से युवा प्रतिभाओं के पोषण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाया गया। यह पहल अक्टूबर, 2025 में प्रारंभ किए गए फुटबॉल फॉर स्कूल्स (एफ4एस) कार्यक्रम की निरंतरता है, जिसका उद्देश्य शिक्षा, सर्वांगीण विकास एवं छात्रों में सुदृढ़ खेल संस्कृति को बढ़ावा देना है।

एफ4एस कार्यक्रम 17 वर्ष से कम आयु के बच्चों को जोड़ने का एक व्यापक प्रयास है, जिसमें विशेष रूप से 8 से

शेष पृष्ठ 4 पर

## नववर्ष एसएचजी मेले में लगभग 4 लाख रूपए की बिक्री दर्ज़

श्री विजय पुरम, 8 जनवरी

ग्रामीण विकास विभाग के तत्वावधान में अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एएनआईआरएलएम) द्वारा यहां के मरीना पार्क में आयोजित नववर्ष स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) मेला 27 दिसंबर, 2025 से 4 जनवरी, 2026 तक संपन्न हुआ। मेले को आम जनता से अत्यंत उत्साहजनक प्रतिसाद प्राप्त हुआ, जिससे एसएचजी द्वारा निर्मित उत्पादों की अच्छी बिक्री हुई तथा उन्हें व्यापक सराहना मिली।

मेले में कुल 154 एसएचजी सदस्यों ने मरीना एस्प्लेनेड में स्थानीय रूप से निर्मित विभिन्न उत्पादों का प्रदर्शन किया, जिनमें हस्तशिल्प, आइसक्रीम, स्मूदी, नारियल तेल, साबुन, अचार, स्नैक्स, फास्ट फूड, पारंपरिक मिठाइयाँ एवं दक्षिण भारतीय व्यंजन शामिल थे। इस आयोजन में श्री विजय पुरम के साथ–साथ तमिलनाडु, रंगत, मायाबंदर एवं डिगलीपुर के एसएचजी सदस्यों ने भी सहभागिता की।

प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार मेले में कुल लगभग 4 लाख रुपये की बिक्री दर्ज़ की गई, जो एसएचजी उत्पादों की मजबूत बाज़ार संभावनाओं को दर्शाती है। प्रतिभागी एसएचजी सदस्यों ने निरंतर सहयोग एवं प्रोत्साहन के लिए ग्रामीण विकास विभाग तथा अण्डमान तथा निकोबार प्रशासन के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## इंटैच द्वारा आयोजित रैग डॉल निर्माण कार्यशाला में 30 ग्रामीण महिलाएं शामिल



श्री विजय पुरम, 8 जनवरी

इंटैच के विरासत शिल्प एवं सामुदायिक प्रभाग द्वारा ग्रामीण विकास विभाग के सहयोग से ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्था निदेशालय के सम्मेलन कक्ष में रैग डॉल निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला का उद्घाटन आज ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्था के निदेशक डॉ. अपूर्व शर्मा ने निदेशालय के अन्य अधिकारियों एवं इंटैच–अण्डमान तथा निकोबार चैप्टर की संयोजिका की उपस्थिति में किया। यह कार्यशाला 12 जनवरी तक चलेगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए इंटैच, नई दिल्ली द्वारा नियुक्त सुश्री अश्विनी कुरुप संसाधन व्यक्ति के रूप में मार्गदर्शन प्रदान कर रही हैं। प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार प्रतिभागियों को संबोधित

शेष पृष्ठ 4 पर

## निर्माण श्रमिकों के लिए आयोजित विशेष जागरूकता शिविरों में 146 प्रतिभागियों ने भाग लिया

श्री विजय पुरम, 8 जनवरी

अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड (एएनआईबीओसीडब्ल्यूडब्ल्यूबी) द्वारा आज बोर्ड के अंतर्गत लाभार्थी श्रमिक के रूप में छूटे हुए पात्र कर्मकारों के पंजीकरण के उद्देश्य से तीन विशेष जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। ये शिविर श्री विजय पुरम नगरपालिका परिषद के वार्ड संख्या–4 एवं 5 में सड़कों की सफाई एवं अन्य अनुरक्षण कार्यों में संलग्न दैनिक वेतनभोगी मजदूरों (डीआरएम) तथा पत्तन प्रबंधन बोर्ड (पीएमबी) के

शेष पृष्ठ 4 पर

CMYK

# रामकृष्णपुर स्कूल ने विप्रो अर्थियन 2025–26 के अंतर्गत राष्ट्रीय पुरस्कार जीता

श्री विजय पुरम, 8 जनवरी

लिटिल अण्डमान के पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, रामकृष्णपुर ने प्रतिष्ठित विप्रो अर्थियन 2025 कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय पुरस्कार जीतकर अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह का नाम रोशन किया है। विद्यालय के छात्रों की एक टीम का चयन राष्ट्रीय स्तर पर उनके उत्कृष्ट सततता (सस्टेनेबिलिटी) परियोजना के लिए किया गया, जो विद्यालय परिसर एवं आसपास के समुदाय में सततता से जुड़ी चुनौतियों का समाधान करती है।

विप्रो अर्थियन कार्यक्रम भारत की अग्रणी सततता शिक्षा पहलों में से एक है, जो विद्यालयी छात्रों को कचरा, जल एवं जैव विविधता से संबंधित वास्तविक पर्यावरणीय चुनौतियों से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करता है। वर्ष 2025 संस्करण में देशभर से भारी प्रतिक्रिया प्राप्त हुई, जिसमें 2,000 से अधिक विद्यालयों ने परियोजना प्रतिवेदन प्रस्तुत किए। कई चरणों की कठोर मूल्यांकन प्रक्रिया के पश्चात एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय जूरी ने सभी राज्यों का प्रतिनिधित्व करने वाली 25 विजेता टीमों का चयन किया, जिनमें सरकारी एवं निजी दोनों प्रकार के विद्यालय शामिल थे।

रामकृष्णपुर विद्यालय की परियोजना को गहन अध्ययन, विचारपूर्ण विश्लेषण एवं व्यवस्थित प्रस्तुतीकरण के लिए सराहा गया, जिसमें व्यावहारिक सततता हस्तक्षेपों को उजागर किया गया। अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह से 2025–26 संस्करण के दौरान कुल 104 परियोजनाएँ प्राप्त हुईं, जिनमें से 15 परियोजनाओं को राष्ट्रीय स्तर पर विचार हेतु चयनित किया गया। इन 15 परियोजनाओं के साथ पाँच अतिरिक्त परियोजनाओं को क्षेत्रीय विजेता के रूप में सम्मानित किया गया। पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, रामकृष्णपुर राष्ट्रीय पुरस्कार विजेताओं में से एक के रूप में उभरा।

यह सततता शिक्षा कार्यक्रम अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह में वर्ष 2015 से सीपीआर पर्यावरण शिक्षा केंद्र (सीपीआरईईसी), चेन्नई द्वारा विप्रो फाउंडेशन एवं शिक्षा विभाग के विज्ञान प्रकोष्ठ के सहयोग से क्रियान्वित किया जा रहा है। पुरस्कार के अंतर्गत विद्यालय को 50,000 रुपये की नकद राशि, विप्रो फाउंडेशन, बेंगलुरु की ओर से स्मृति चिह्न एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। साथ ही सभी छात्र टीम सदस्यों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे।

विप्रो अर्थियन राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह 29 से 31 जनवरी, 2026 तक अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय परिसर, बेंगलुरु में आयोजित किया जाएगा। सभी टीम सदस्यों को उनके मार्गदर्शक शिक्षक सहित इस समारोह एवं संबंधित शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।

प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार इस प्रतिष्ठित आयोजन में सहभागिता से द्वीपसमूह के विद्यालयी छात्रों में सततता शिक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण की भावना को और अधिक सुदृढ़ किए जाने की अपेक्षा है।

## निर्माण श्रमिकों के लिए आयोजित विशेष

———पृष्ठ 1 का शेष

अंतर्गत श्री विजय पुरम के हैडो जेटी (वार्ड संख्या–1) के अनुरक्षण कार्यों में लगे आउटसोर्स श्रमिकों के लिए आयोजित किए गए।




इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य संबंधित श्रमिकों को एएनआईबीओसीडब्ल्यूडब्ल्यूबी के अंतर्गत लाभार्थी श्रमिक के रूप में पंजीकरण के प्रति जागरूक करना था, ताकि वे बोर्ड द्वारा क्रियान्वित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।

कुल 146 श्रमिकों ने इन जागरूकता कार्यक्रमों में भाग लिया। सभी प्रतिभागी श्रमिकों को लाभार्थी श्रमिक के रूप में पंजीकरण हेतु निर्धारित प्रपत्र उपलब्ध कराए गए। साथ ही बोर्ड के अधिकारियों द्वारा पात्रता मानदंड, पंजीकरण प्रक्रिया एवं एएनआईबीओसीडब्ल्यूडब्ल्यूबी की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत उपलब्ध लाभों के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया। प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार एएनआईबीओसीडब्ल्यूडब्ल्यूबी द्वीपसमूह के सभी पात्र निर्माण श्रमिकों तक पहुंच सुनिश्चित करने तथा निर्माण एवं संबद्ध गतिविधियों, जिनमें सड़क एवं जेटी का अनुरक्षण कार्य भी शामिल है, में संलग्न श्रमिकों को सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा बढ़ाने हेतु कल्याणकारी उपायों की जानकारी एवं लाभ उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

## इंटैच द्वारा आयोजित रैग डॉल निर्माण कार्यशाला

———पृष्ठ 1 का शेष

करते हुए ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्था के निदेशक ने स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) सदस्यों को प्रेरित किया तथा बताया कि यह कार्यशाला एक प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना तथा रैग डॉल निर्माण को एक सतत आजीविका एवं उद्यमशील गतिविधि के रूप में अपनाने के लिए सक्षम बनाना है। प्रारंभिक प्रशिक्षण के उपरांत भी इंटैच द्वारा प्रतिभागियों को सतत मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान किया जाएगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 30 ग्रामीण महिलाएं भाग ले रही हैं।

## शिक्षा एवं खेल निदेशक ने कार निकोबार के

———पृष्ठ 1 का शेष

17 वर्ष आयु वर्ग पर ध्यान केंद्रित किया गया है। यह पहल कार निकोबार के गांवों के युवाओं–पुरुषों एवं महिलाओं–तक भी विस्तारित की गई है, जहां उन्हें गहन फुटबॉल प्रशिक्षण प्रदान कर खेलों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कार निकोबार में तमालू, ककाना, सवाई, चुकचुचा, तपोइमिंग, बिग लपाती, एरोंग, मूस एवं सवाई गांवों में कुल 9 स्पोर्ट्स हब स्थापित किए गए हैं। इन हबों को विद्यालयों एवं उपलब्ध खेल मैदानों के समीप रणनीतिक रूप से स्थापित किया गया है, ताकि अधिकतम पहुंच सुनिश्चित की जा सके। प्रशिक्षण सत्रों के संचालन हेतु प्रत्येक हब पर शारीरिक शिक्षा शिक्षक (पीईटी) एवं नोडल शिक्षकों की नियुक्ति की गई है, जो सायंकालीन समय में फुटबॉल प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए श्री विक्रम सिंह ने छात्रों के समग्र विकास में खेलों के महत्व पर बल दिया तथा बताया कि यह पहल न केवल शारीरिक क्षमता में वृद्धि करेगी, बल्कि टीमवर्क, अनुशासन एवं नेतृत्व कौशल के विकास में भी सहायक होगी। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से फुटबॉल युवाओं को अपने समुदायों में सकारात्मक रूप से जुड़ने, आत्मविश्वास एवं खेल भावना विकसित करने का उत्कृष्ट मंच प्रदान करता है।

प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार उद्घाटन कार्यक्रम में संबंधित गांवों के मुखिया, शिक्षक, विद्यालयी छात्र एवं खेल क्षेत्र की प्रमुख हस्तियां उपस्थित रहीं, जिन्होंने फुटबॉल प्रशिक्षण सत्रों में भाग लेने के लिए उत्साह व्यक्त किया।

## द्वीपों में सतत मात्स्यिकी पर क्षमता

———पृष्ठ 1 का शेष

नीतिगत ढांचों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रतिभागियों को अत्यधिक मत्स्य दोहन एवं आवास क्षरण से निपटने के लिए मत्स्य संरक्षण एवं समुदाय–आधारित समाधानों में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर मत्स्य विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. के. गोपाल ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

भारतीय प्राणी सर्वेक्षण के वैज्ञानिक–डी डॉ. मृणाल कुमार दास ने 'मत्स्य की स्थिति' विषय पर प्रस्तुति देते हुए वन्यजीव संरक्षण कानूनों के अंतर्गत अनुसूचित प्रजातियों तथा अण्डमान तथा निकोबार की समृद्ध मछली विविधता, जिसमें स्थानिक एवं संकटग्रस्त समुद्री प्रजातियां शामिल हैं, का अवलोकन प्रस्तुत किया।

भारतीय मत्स्य सर्वेक्षण के मत्स्य वैज्ञानिक डॉ. सी. बाबू ने वन्यजीव संरक्षण अधिनियम (डब्ल्यूपीए) के अंतर्गत उपयुक्त मात्स्यिकी पद्धतियों पर विस्तार से जानकारी दी। श्री नेसनस ई.ए., एएफडीओ ने 2025 दिशा–निर्देशों के अंतर्गत विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) में सतत मात्स्यिकी पद्धतियों पर प्रकाश डालते हुए नियंत्रित ट्रॉलिंग गहराई, पोत निगरानी, बायकैच में कमी, जाल आकार के विनियमन तथा तटीय मत्स्य उपयोग से ईईज़ेड मात्स्यिकी की ओर स्थानांतरण पर ज़ोर दिया।

प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार ईआईएससीपी–ज़ेडएसआई टीम द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा पर जानकारी दी गई। व्यापक जनसंपर्क सुनिश्चित करने हेतु यह प्रशिक्षण मध्य एवं दक्षिण अण्डमान के 7 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में पुदुचेरी विश्वविद्यालय, ब्रुक्शाबाद के मरीन बायोलॉजी विभाग के छात्र तथा मछुआरा प्रतिनिधियों ने भी सहभागिता की।

## राष्ट्रीय युवा महोत्सव–विकसित भारत युवा नेता

———पृष्ठ 1 का शेष

रचनात्मक सामर्थ्य को दर्शाता है तथा माई भारत द्वारा चयन एवं सुविधा प्रदान की गई है।

चयनित प्रतिनिधिमंडल 9 से 12 जनवरी, 2026 तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित चार दिवसीय राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में भाग लेने हेतु नई दिल्ली के लिए प्रस्थान कर रहा है। इस आयोजन में देशभर से युवा प्रतिभागी एकत्रित होंगे, जिससे सांस्कृतिक आदान–प्रदान, नेतृत्व विकास, नवाचार तथा सामाजिक विषयों पर सार्थक संवाद को प्रोत्साहन मिलेगा।

इस अवसर पर नेताजी स्टेडियम में ध्वज प्रस्थान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें अण्डमान तथा निकोबार संसदीय क्षेत्र के माननीय सांसद श्री बिष्णु पद राय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने चयनित युवा प्रतिनिधियों से संवाद किया तथा अनुशासन, एकता, सांस्कृतिक गौरव एवं राष्ट्रीय उत्तरदायित्व के मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए राष्ट्रीय विकास लक्ष्यों के अनुरूप भावी नेताओं के रूप में युवाओं की भूमिका को रेखांकित किया।

इस अवसर पर श्री प्रकाश अधिकारी, अध्यक्ष, ज़िला परिषद, दक्षिण अण्डमान ने भी युवाओं को संबोधित करते हुए क्षमता विकास, कौशल विकास एवं नेतृत्व गुणों के महत्व पर बल दिया, जो एक आत्मविश्वासी एवं सामाजिक रूप से उत्तरदायी युवा पीढ़ी के विकास में सहायक हैं।

प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार कार्यक्रम में श्री बिस्वनाथ सेन, सहायक निदेशक, खेल एवं युवा कार्य तथा श्री सुख रंजन बिस्वास, संयुक्त निदेशक, माई भारत, श्री विजय पुरम की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उन्होंने अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह में युवा सशक्तिकरण के लिए संस्थागत समर्थन को पुनः सुनिश्चित किया।

# दक्षिण अण्डमान के मत्स्य हितधारकों से पीएमएमएसवाई के अंतर्गत बीमा लाभ प्राप्त करने के लिए एनएफडीपी पोर्टल पर पंजीकरण की अपील

श्री विजय पुरम, 8 जनवरी

दक्षिण अण्डमान ज़िले के अंतर्गत सभी मछुआरों, मछली पालकों, मत्स्य श्रमिकों, मछली विक्रेताओं, मत्स्य विकास निगमों, स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी), मत्स्य क्षेत्र में संयुक्त दायित्व समूहों, मत्स्य सहकारी समितियों, मत्स्य महासंघों, मछली किसान उत्पादक संगठनों तथा मत्स्य एवं संबद्ध गतिविधियों में संलग्न व्यक्तियों से अनुरोध किया गया है कि वे प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के अंतर्गत क्रियान्वित समूह दुर्घटना बीमा योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड के राष्ट्रीय मत्स्य विकास मंच (एनएफडीपी) पर अपना पंजीकरण कराएं।

प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार पात्र लाभार्थी एनएफडीपी पोर्टल (**https://nfdp.dof.gov.in/nfdp/#**) पर पंजीकरण हेतु अपने निकटतम सामान्य सेवा केंद्र (सीएससी) से संपर्क कर सकते हैं अथवा दक्षिण अण्डमान ज़िले के अंतर्गत अपने संबंधित क्षेत्र के मत्स्य अधिकारियों/स्टेशन प्रभारी/मत्स्य उप–स्टेशनों/क्षेत्रीय मत्स्य कार्यालय से पंजीकरण एवं आवश्यक सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

# निपुण भारत मिशन के अंतर्गत डी.ईआई.एड. प्रशिक्षुओं हेतु क्रियात्मक अनुसंधान पर कार्यशाला हुई




श्री विजय पुरम, 8 जनवरी

डॉ. एस. आर. ज़िला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट), गाराचरामा, श्री विजय पुरम द्वारा सेवापूर्व शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत डी.ईआई.एड. द्वितीय वर्ष के 66 प्रशिक्षुओं के लिए डाइट सभागार में क्रियात्मक अनुसंधान (एक्शन रिसर्च) पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला का उद्देश्य प्रशिक्षुओं की कक्षा–आधारित चुनौतियों की पहचान करने तथा चिंतनशील शिक्षण पद्धतियों को अपनाने की क्षमता को सुदृढ़ करना था। यह कार्यशाला निपुण भारत मिशन के उद्देश्यों के अनुरूप आयोजित की गई, जिसका लक्ष्य प्रभावी कक्षा रणनीतियों के माध्यम से आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता की प्राप्ति करना है।

राज्य शिक्षा संस्थान (एसआईई) की संकाय सदस्य डॉ. बेन्सी जॉय ने संसाधन व्यक्ति के रूप में सहभागिता करते हुए क्रियात्मक अनुसंधान की अवधारणा, प्रक्रिया एवं महत्व पर एक सारगर्भित सत्र प्रस्तुत किया। इस सत्र के माध्यम से प्रशिक्षुओं को यह समझने में सहायता मिली कि किस प्रकार व्यवस्थित अन्वेषण एवं चिंतनशील अभ्यास शिक्षण–अधिगम परिणामों में सुधार ला सकते हैं।

इसके अतिरिक्त, राज्य शिक्षा संस्थान की संकाय सदस्य सुश्री वनिता सी. ने प्रशिक्षुओं के साथ एंकुरण एवं रीडोपिया जैसी राज्य स्तरीय पहलों पर जानकारीपरक सत्र के माध्यम से संवाद किया, जिसमें छात्रों में पठन–पाठन की आदतों, अधिगम सहभागिता तथा आधारभूत दक्षताओं को बढ़ावा देने में इन पहलों की भूमिका को रेखांकित किया गया।

प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार समग्र रूप से यह कार्यशाला प्रशिक्षु शिक्षकों को क्रियात्मक अनुसंधान के उद्देश्यों, लक्ष्यों एवं व्यावहारिक प्रासंगिकता की स्पष्ट समझ प्रदान करने में सफल रही तथा डी.ईआई.एड. पाठ्यक्रम के एक अभिन्न अंग एवं निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु एक महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में इसके महत्व को सुदृढ़ किया।

# इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता के लिए प्री–स्क्रीनिंग परीक्षा

श्री विजय पुरम, 8 जनवरी

एसआईडीएच पोर्टल पर इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता के लिए पंजीकृत सभी प्रतिभागियों से अनुरोध किया गया है कि वे 12 जनवरी को सुबह 10 बजे से आईटीआई डॉलीगंज, आईटीआई बकुलताला तथा आईटीआई एरोंग में आयोजित होने वाली प्री–स्क्रीनिंग परीक्षा में अनिवार्य रूप से उपस्थित हों। प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार केवल वही अभ्यर्थी, जो प्री–स्क्रीनिंग परीक्षा में सफल होंगे, केंद्र शासित प्रदेश स्तर की इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता में भाग लेने के पात्र होंगे।

# राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में 11 जनवरी को होगा नॉर्थ बे रोड मैराथन 6.0

श्री विजय पुरम, 8 जनवरी

'राष्ट्रीय युवा दिवस' के उपलक्ष्य में शिक्षा एवं खेल निदेशालय तथा उप शिक्षा अधिकारी, विम्बर्लीगंज द्वारा संयुक्त रूप से नॉर्थ बे रोड मैराथन 6.0 का आयोजन किया जा रहा है, जो 11 जनवरी को सुबह 6 बजे आयोजित होगी। यह मैराथन चूनाभट्टा से नॉर्थ बे तक तथा वापसी के सुंदर मार्ग पर आयोजित की जाएगी।

प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार यह मैराथन सभी द्वीपवासियों एवं विम्बर्लीगंज शिक्षा अंचल के विद्यालयी छात्रों के लिए निःशुल्क है। प्रतियोगिता की श्रेणियों के अंतर्गत 10 किलोमीटर दौड़: सभी पुरुषों के लिए (केवल द्वीपवासी), विम्बर्लीगंज शिक्षा अंचल के विद्यालयी छात्र के लिए, 5 किलोमीटर दौड़: सभी महिलाओं के लिए (केवल द्वीपवासी), विम्बर्लीगंज शिक्षा अंचल की विद्यालयी छात्राओं के लिए निर्धारित हैं। प्रत्येक श्रेणी में विजेताओं को नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। पंजीकरण कार्यक्रम स्थल पर सुबह 5 बजे से किया जाएगा।

# विवेकानंद मेला के अवसर पर श्री विजय पुरम–शहीद द्वीप के बीच अतिरिक्त फेरी सेवा

श्री विजय पुरम, 8 जनवरी

यात्रियों/आम जनता को सूचित किया गया है कि शहीद द्वीप में आयोजित होने वाले विवेकानंद मेला के उपलक्ष्य में जहाज़रानी सेवा निदेशालय द्वारा श्री विजय पुरम–शहीद द्वीप–श्री विजय पुरम के बीच 12 से 19 जनवरी तक अतिरिक्त फेरी सेवा की व्यवस्था की गई है, जिसका संचालन नीचे दिए गए कार्यक्रम के अनुसार किया जाएगा।

उक्त यात्राओं के लिए यात्री टिकट 09.01.2026 (शुक्रवार) से जारी किए जाएंगे।

| तिथि | आगमन | बंदरगाह | प्रस्थान |
|---|---|---|---|
| 12 जनवरी, 2026 से 19 जनवरी, 2026 | – | श्री विजय पुरम | दोपहर 1 बजे |
| | दोपहर 2.45 बजे | शहीद द्वीप | शाम 3 बजे |
| | शाम 4.45 बजे | श्री विजय पुरम | – |

Scan QR Code to open on mobile.

जहाज़रानी सेवा निदेशालय से प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार टिकट डीएसएस ई–टिकटिंग पोर्टल **https://dss.andamannicobar.gov.in/eticketing** के माध्यम से बुक किए जा सकते हैं, जो सभी दिनों में 24X7 उपलब्ध है। यात्रियों की सुविधा के लिए पोर्टल से सीधे जुड़ा एक क्यूआर कोड भी प्रदान किया गया है।

इसके अतिरिक्त, टिकट स्टार्स टिकटिंग काउंटर से सभी कार्य दिवसों में सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक तथा शनिवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक भी बुक किए जा सकते हैं।

# ज़िला एथलेटिक मीट–2026 स्थगित

श्री विजय पुरम, 8 जनवरी

यह सूचित किया जाता है कि प्रशासनिक/तकनीकी कारणों से नेताजी स्टेडियम स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, श्री विजय पुरम में 9 जनवरी, 2026 से 10 जनवरी, 2026 तक आयोजित होने वाली "ज़िला एथलेटिक मीट–2026", जो विद्यालयी विद्यार्थियों तथा 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के ओपन पुरुष एवं महिला वर्ग के लिए प्रस्तावित थी, को स्थगित कर दिया गया है। प्राप्त विज्ञप्ति में कहा गया है कि पुनर्निर्धारित तिथि की सूचना बाद में दी जाएगी।

# मत्स्य पालन में प्रतिजैविक प्रतिरोध पर जागरूकता कार्यक्रम

श्री विजय पुरम, 8 जनवरी

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद–केंद्रीय द्वीप कृषि अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर–सीआईएआरआई) ने 3 जनवरी, 2025 को उत्तर अण्डमान के डिगलीपुर क्षेत्र के मीठे पानी के मछली पालकों के लिए मत्स्य पालन में प्रतिजैविक प्रतिरोध (एएमआर) विषय पर पहली बार जागरूकता कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह कार्यक्रम अखिल भारतीय पशुधन एवं मत्स्य नेटवर्क परियोजना (मत्स्य घटक) के अंतर्गत आयोजित किया गया। कार्यक्रम आईसीएआर–सीआईएआरआई के कार्यवाहक निदेशक डॉ. जय सुंदर की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। जागरूकता सत्र के दौरान प्रतिभागियों को मछली पालन एवं रोग प्रबंधन प्रक्रियाओं में प्रतिजैविकों के ज़िम्मेदार एवं विवेकपूर्ण उपयोग के प्रति संवेदनशील किया गया। इस अवसर पर वैज्ञानिक एवं पाठ्यक्रम निदेशक डॉ. जे. प्रवीणराज ने एक तकनीकी सत्र प्रस्तुत करते हुए जलीय कृषि में प्रतिजैविकों के विकल्पों पर प्रकाश डाला। किसानों को मीठे पानी की जलीय कृषि प्रणालियों में रोग प्रकोप की रोकथाम एवं प्रबंधन हेतु चूना, पोटाश तथा अन्य पर्यावरण अनुकूल रसायनों एवं उपचार विधियों के उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार कार्यक्रम में महिला किसानों सहित कुल 50 किसानों ने भाग लिया।

सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय द्वारा प्रकाशित तथा प्रबन्धक, राजकीय मुद्रणालय द्वारा मुद्रित, वितरण तथा विज्ञापन के लिए फोन–229465, प्रधान सम्पादक (प्रभारी) पी. कैरल डी. सोणी
e-mail:dweepsamachar@gmail.com

**ANDAMAN AND NICOBAR GAZETTE**
**EXTRAORDINARY**
**Published by Authority**

**No……………………….. SRI VIJAYA PURAM, ………………, the ………… 2026**

F.No.1-53/BE/PRI/E-Cell/2024-25/Vol-II/
निदेशक का कार्यालय
**OFFICE OF THE DIRECTOR**
पंचायत तथा नगरपालिका चुनाव
**PANCHAYAT & MUNICIPAL ELECTIONS**
उपायुक्त दक्षिण अंडमान
**(DEPUTY COMMISSIONER, SOUTH ANDAMAN)**
**SRI VIJAYA PURAM**

Sri Vijaya Puram, dated the January, 2026

Notification No. 5-2/EC/A&N/2023 dated 9th January, 2026 issued by the Election Commissioner (UTs) for Andaman and Nicobar Islands accordingly Form-4 (Notice of Election) issued by Returning Officer for the conduct of the Bye-election of Zilla Parishad, North & Middle Andaman, Mayabunder Constituency under Mayabunder Tehsil is hereby published in the Official Gazette of the Andaman and Nicobar Administration for information of all concerned.

**(Kamaleshwar Rao S), IAS**
Officer-In-Charge (Elections)
For Director of Panchayat & Municipal Elections

**FORM 4**
**(See rule 37)**
**NOTICE OF ELECTION**

Notice is hereby given that:-
1. An election to be held of a Zilla Parishad Member, North & Middle Andaman, Mayabunder Constituency under Mayabunder Tehsil.
2. Nomination papers may be delivered by a candidate or his proposer to the Returning Officer or Assistant Returning Officer at Block Development Officer, CD Block, Mayabunder, between 11.00 a.m. and 3.00 p.m. on any day (other than a public holiday) not later than 16.01.2026 (Friday)
3. Forms of nomination paper may be obtained at the place and time aforesaid;
4. The nomination paper will be taken up to scrutiny at my above office on 17.01.2026 (Saturday) at 11.00 a.m.
5. Notice of withdrawal of candidatures may be delivered by a candidate or his proposer or election agent who has been authorized in writing by the candidate to deliver it to either of the Officers specified in paragraph 2 above at his Office before 3.00 p.m. on 19.01.2026 (Monday).
6. In the event of election being contested, the poll will be taken on 08.02.2026 (Sunday) between the hours of 8.00 a.m. and 5.00 p.m.
7. Date of counting on 10.02.2026 (Tuesday) at 8.00 a.m. in the P M Shri Govt. Model Senior Secondary School, Mayabunder

Place: Mayabunder
Date: 09/01/2026

Sd/-
**(S. JOSEPH)**
RETURNING OFFICER,
(ZILLA PARISHAD MEMBER CONSTITUENCIES)
BLOCK DEVELOPMENT OFFICER,
OFFICE OF THE CD BLOCK, MAYABUNDER
Ph No. 9434283951

---

**ANDAMAN AND NICOBAR GAZETTE**
**EXTRAORDINARY**
**Published by Authority**

**No……………………….. SRI VIJAYA PURAM, ………………, the ………… 2026**

F.No.1-53/BE/PRI/E-Cell/2024-25/Vol-II/
निदेशक का कार्यालय
**OFFICE OF THE DIRECTOR**
पंचायत तथा नगरपालिका चुनाव
**PANCHAYAT & MUNICIPAL ELECTIONS**
उपायुक्त दक्षिण अंडमान
**(DEPUTY COMMISSIONER, SOUTH ANDAMAN)**
**SRI VIJAYA PURAM**

Sri Vijaya Puram, dated the January, 2026

Notification No. 5-2/EC/A&N/2023 dated 9th January, 2026 issued by the Election Commissioner (UTs) for Andaman and Nicobar Islands accordingly Form-4 (Notice of Election) issued by Returning Officer for the conduct of the Bye-election of Harinagr-1 Constituency of Gram Panchayat Harinagar under Mayabunder Tehsil is hereby published in the Official Gazette of the Andaman and Nicobar Administration for information of all concerned.

**(Kamaleshwar Rao S), IAS**
Officer-In-Charge (Elections)
For Director of Panchayat & Municipal Elections

**FORM 4**
**(See rule 37)**
**NOTICE OF ELECTION**

Notice is hereby given that:-
1. An election to be held of a member to Harinagar-1 Constituency of Gram Panchayat Harinagar.
2. Nomination papers may be delivered by a candidate or his proposer to the Returning Officer or Assistant Returning Officer at Office of the Junior Engineer-II, SD-III, NACD APWD, Swadesh Nagar between 11.00 a.m. and 3.00 p.m. on any day (other than a public holiday) not later than 16.01.2026 (Friday)
3. Forms of nomination paper may be obtained at the place and time aforesaid;
4. The nomination paper will be taken up to scrutiny at my above office on 17.01.2026 (Saturday) at 11.00 a.m.
5. Notice of withdrawal of candidatures may be delivered by a candidate or his proposer or election agent who has been authorized in writing by the candidate to deliver it to either of the Officers specified in paragraph 2 above at his Office before 3.00 p.m. on 19.01.2026 (Monday).
6. In the event of election being contested, the poll will be taken on 08.02.2026 (Sunday) between the hours of 8.00 a.m. and 5.00 p.m.
7. Date of counting on 10.02.2026 (Tuesday) at 8.00 a.m. in the P M Shri Govt. Model Senior Secondary School, Mayabunder

Place: Harinagar
Date: 09/01/2026

Sd/-
**(Y KALAIYARASI)**
RETURNING OFFICER,
(HARINAGAR-1 OF GRAM PANCHAYAT HARINAGAR)
ASSISTANT ENGINEER,
OFFICE OF THE ASSISTANT ENGINEER, SD-II, APWD,TUGAPUR,
Ph No. 9474289804

---

**ANDAMAN AND NICOBAR GAZETTE**
**EXTRAORDINARY**
**Published by Authority**

**No……………………….. SRI VIJAYA PURAM, ………………, the ………… 2026**

F.No.1-53/BE/PRI/E-Cell/2024-25/Vol-II/
निदेशक का कार्यालय
**OFFICE OF THE DIRECTOR**
पंचायत तथा नगरपालिका चुनाव
**PANCHAYAT & MUNICIPAL ELECTIONS**
उपायुक्त दक्षिण अंडमान
**(DEPUTY COMMISSIONER, SOUTH ANDAMAN)**
**SRI VIJAYA PURAM**

Sri Vijaya Puram, dated the January, 2026

Notification No. 5-2/EC/A&N/2023 dated 9th January, 2026 issued by the Election Commissioner (UTs) for Andaman and Nicobar Islands accordingly Form-4 (Notice of Election) issued by Returning Officer for the conduct of the Bye-election of Bakultala-3 Constituency of Gram Panchayat Bakultala under Rangat Tehsil is hereby published in the Official Gazette of the Andaman and Nicobar Administration for information of all concerned.

**(Kamaleshwar Rao S), IAS**
Officer-In-Charge (Elections)
For Director of Panchayat & Municipal Elections

**FORM 4**
**(See rule 37)**
**NOTICE OF ELECTION**

Notice is hereby given that:-
1. An election to be held of a member to Bakultala-3 Constituency of Gram Panchayat Bakultala.
2. Nomination papers may be delivered by a candidate or his proposer to the Returning Officer or Assistant Returning Officer at Office of the Divisional Forest Officer, Middle Andaman, Rangat between 11.00 a.m. and 3.00 p.m. on any day (other than a public holiday) not later than 16.01.2026 (Friday)
3. Forms of nomination paper may be obtained at the place and time aforesaid;
4. The nomination paper will be taken up to scrutiny at my above office on 17.01.2026 (Saturday) at 11.00 a.m.
